# खाटू श्याम चालीसा, खाटू धाम सीकर (Khatu Shyam Chalisa Khatu Dham Sikar)

## ॥खाटू श्याम चालीसा, खाटू धाम सीकर॥

**॥ दोहा॥**

श्री गुरु पदरज शीशधर प्रथम सुमिरू गणेश ॥
ध्यान शारदा ह्रदयधर भजुँ भवानी महेश ॥

चरण शरण विप्लव पड़े हनुमत हरे कलेश ।
श्याम चालीसा भजत हुँ जयति खाटू नरेश ॥

**॥ चौपाई ॥**

वन्दहुँ श्याम प्रभु दुःख भंजन ।
विपत विमोचन कष्ट निकंदन ॥

सांवल रूप मदन छविहारी ।
केशर तिलक भाल दुतिकारी ॥

मौर मुकुट केसरिया बागा ।
गल वैजयंति चित अनुरागा ॥

नील अश्व मौरछडी प्यारी ।
करतल त्रय बाण दुःख हारी **॥4॥**

सूर्यवर्च वैष्णव अवतारे ।
सुर मुनि नर जन जयति पुकारे ॥

पिता घटोत्कच मोर्वी माता ।
पाण्डव वंशदीप सुखदाता ॥

बर्बर केश स्वरूप अनूपा ।
बर्बरीक अतुलित बल भूपा ॥

कृष्ण तुम्हे सुहृदय पुकारे ।
नारद मुनि मुदित हो निहारे **॥8॥**

मौर्वे पूछत कर अभिवन्दन ।
जीवन लक्ष्य कहो यदुनन्दन ॥

गुप्त क्षेत्र देवी अराधना ।
दुष्ट दमन कर साधु साधना ॥

बर्बरीक बाल ब्रह्मचारी ।
कृष्ण वचन हर्ष शिरोधारी ॥

तप कर सिद्ध देवियाँ कीन्हा ।
प्रबल तेज अथाह बल लीन्हा **॥12॥**

यज्ञ करे विजय विप्र सुजाना ।
रक्षा बर्बरीक करे प्राना ॥

नव कोटि दैत्य पलाशि मारे ।
नागलोक वासुकि भय हारे ॥

सिद्ध हुआ चँडी अनुष्ठाना ।
बर्बरीक बलनिधि जग जाना ॥

वीर मोर्वेय निजबल परखन ।
चले महाभारत रण देखन **॥16॥**

माँगत वचन माँ मोर्वि अम्बा ।
पराजित प्रति पाद अवलम्बा ॥

आगे मिले माधव मुरारे ।
पूछे वीर क्युँ समर पधारे ॥

रण देखन अभिलाषा भारी ।
हारे का सदैव हितकारी ॥

तीर एक तीहुँ लोक हिलाये ।
बल परख श्री कृष्ण सँकुचाये **॥20॥**

यदुपति ने माया से जाना ।
पार अपार वीर को पाना ॥

धर्म युद्ध की देत दुहाई ।
माँगत शीश दान यदुराई ॥

मनसा होगी पूर्ण तिहारी ।
रण देखोगे कहे मुरारी ॥

शीश दान बर्बरीक दीन्हा ।
अमृत बर्षा सुरग मुनि कीन्हा **॥24॥**

देवी शीश अमृत से सींचत ।
केशव धरे शिखर जहँ पर्वत ॥

जब तक नभ मण्डल मे तारे ।
सुर मुनि जन पूजेंगे सारे ॥

दिव्य शीश मुद मंगल मूला ।
भक्तन हेतु सदा अनुकूला ॥

रण विजयी पाण्डव गर्वाये ।
बर्बरीक तब न्याय सुनाये **॥28॥**

सर काटे था चक्र सुदर्शन ।
रणचण्डी करती लहू भक्षन ॥

न्याय सुनत हर्षित जन सारे ।
जग में गूँजे जय जयकारे ॥

श्याम नाम घनश्याम दीन्हा ।
अजर अमर अविनाशी कीन्हा ॥

जन हित प्रकटे खाटू धामा ।
लख दाता दानी प्रभु श्यामा **॥32॥**

खाटू धाम मौक्ष का द्वारा ।
श्याम कुण्ड बहे अमृत धारा ॥

शुदी द्वादशी फाल्गुण मेला ।

खाटू धाम सजे अलबेला ॥

एकादशी व्रत ज्योत द्वादशी ।
सबल काय परलोक सुधरशी ॥

खीर चूरमा भोग लगत हैं ।
दुःख दरिद्र कलेश कटत हैं **॥36॥**

श्याम बहादुर सांवल ध्याये ।
आलु सिँह हृदय श्याम बसाये ॥

मोहन मनोज विप्लव भाँखे ।
श्याम धणी म्हारी पत राखे ॥

नित प्रति जो चालीसा गावे ।
सकल साध सुख वैभव पावे ॥

श्याम नाम सम सुख जग नाहीं ।
भव भय बन्ध कटत पल माहीं **॥40॥**

**॥ दोहा॥**

त्रिबाण दे त्रिदोष मुक्ति दर्श दे आत्म ज्ञान ।
चालीसा दे प्रभु भुक्ति सुमिरण दे कल्यान ॥

खाटू नगरी धन्य हैं श्याम नाम जयगान ।
अगम अगोचर श्याम हैं विरदहिं स्कन्द पुरान ॥

*************

# Khatu Shyam Chalisa

**(in English)**

**ll doha ll**

shree guru paraaj sheeshadhar pratham sumiru ganesh ll
dhyaan saarada haridhar bhajun bhavaanee mahesh ll

charan sharan viplav pade hanumat kalesh haresh ll
shyaam chaaleesa bhajat hun jayati khaatoo naresh ll

**ll chaupaee ll**

vandahun shyaam prabhu duhkh bhajan ll
vipat mukti abhilaasha nikandan ll

saanval roop madan chhavi haaree ll
keshar tilak bhaal dutikaaree ll

mor mukut kesariya baaga ll
gl vaijayantee chit anuraaga ll

neel ashv morachadee mitr ll
karatal tray ban duhkh haaree **ll4 ll**

sooryavarch vaishnav avataare ll
sur muni nar jan jayati bulaake ll

pita ghatotkach moravee maata ll
paandav vanshadeep sukhadaata ll

baabaree kesh svaroop anoopa ll
barbareek atulit bal bhoopa ll

krshn tumhen suhrday pukaare ll
naarad muni mudit ho nihaare **ll8 ll**

maurve kvest kar abhivandan ll
jeevan lakshy kaho yadunnandan ll

gupt kshetr devee aaraadhana ll
dusht damanakaaree kar saadhu saadhana ll

baabareek baal brahmachaaree ll
krshn vachan harsh shirodhaaree ll

tap kar siddh deviyaan keenha ll
prabal tej athaah bal leenha **ll12 ll**

yagy kare vijay vipr sujaana ll
raksha bandhan kare praan ll

nav koti daity palaashi maare ll
naagalok vaasuki bhay hare ll

siddh hua chandee anushthaan ll
harbik balonidhi jag jaana ll

veer morave nijabal parakhaan ll
chale mahaabhaarat ran dekhen **ll16 ll**

maangat vachan maan moravee amba ll
haar prati paad avalamba ll

aage mile maadhav muraare ll
poochho veer kyon samar padhaare ll

ran dekhan abhilaasha bhaaree ll
haare ka sada hitakaaree ll

teer ek tihun lok hilaaye ll
bal parakh shree krshn sakuchaaye **ll20 ll**

yadupati ne maaya se jaana ll
paar apaar veer ko paana ll

dharm yuddh kee det duhaee ll
maangat chamak daan yadurai ll

manasa hogee poorn tihaaree ll
ran dekhoge kahe muraaree ll

sheesh daan baaribeek deenha ll
amrt varsha surag muni keenha **ll24 ll**

devee sheesh amrt se seenchat ll
keshav dhare shikhar jahan parvat ll

jab tak nabh mandal mein taare ll
sur muni jan poojenge saare ll

divy sheesh mud mangal moola ll
bhaktan vikaas sada anukoola ll

ran vijayee paandav gauravaye ll
harabeek tab nyaay sunaaye **ll28 ll**

sar kate the chakr sudarshan ll
ranachandee dit lahoo bhakshan ll

nyaay sunat harshit jan saare ll
jag mein goonje jay jayakaare ll

shyaam naam aseem deenha ll
ajar amar avinaashee kinha ll

jan hit prakate khaatoo dhaama ll
laksh daanee prabhu shyaama **ll32 ll**

khaatoo dhaam mauksh ka ll
shyaam kund bahe amrt dhaara ll

shudi dvaadashee phaalgun mela ll
khaatoo dhaam saje alabela ll

ekaadashee vrat jyot dvaadashee ll
sabal kaay paralok sundraashee ll

khed choorama bhog lagate hain ll
duhkh daridr kalesh katat hain **ll36 ll**

shyaam bahaadur saanval dhyaaye ll
aaloo sinh hrday shyaam basae ll

mohan manoj viplav bhaankhe ll
shyaam dhani mhaaree pat raakhe ll

nit prati jo chaaleesa gaave ll
sakal saadh sukh vaibhav paave ll

shyaam naam sam sukh jag nahin ll
bhav bhay bandh katat pal maaheen **ll40 ll**

**ll doha ll**

tribaan de tridosh mukti darshan de aatm gyaan ll
chaaleesa de prabhu bhukti sumiran de kalyaan ll

khaatoo nagaree dhany hain shyaam naam jayagaan ll
agam agochar shyaam hain viradahin skand puraan ll

*********